भारतीय दूतावास

ब्रुसेल्स (बेल्जियम)

लोक सभा अध्यक्ष ने यूरोपीय संसद के अध्यक्ष श्री मार्टिन शुल्ज़ से ब्रुसेल्स में मुलाकात की

कैंपः ब्रुसेल्स (बेल्जियम), 24 जून, 2015: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने यूरोपीय संसद के अध्यक्ष महामहिम श्री मार्टिन शुल्ज़ से ब्रुसेल्स स्थित यूरोपीय संसद में मुलाकात की।

इस अवसर पर श्रीमती महाजन और श्री शुल्ज़ ने यूरोपीय संघ - भारत मुक्त व्यापार समझौते की संभावना सहित आपसी हितों के अनेक मुद्दों पर चर्चा की । दोनों नेताओं ने यह महसूस किया कि विश्व में एक दूसरे पर बढ़ती निर्भरता के माहौल में विभिन्न राष्ट्रों के बीच विदेशी और व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए वैश्विक स्तर पर और अधिक संसदीय पहल किए जाने की अत्यावश्यकता है। श्रीमती महाजन ने इस बात पर भी बल दिया कि एक सुरक्षित और स्थिर विश्व, जिसमें सभी के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित किए जाने की प्रतिबद्धता हो, के लिए समान विचारधारा वाली ताकतों को सुदृढ़ बनाया जाना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के हित में है।

श्रीमती महाजन ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों ही सबसे बड़े स्थिर लोकतंत्र हैं जो पूरे विश्व में लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। जहां भारत सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था है वहीं यूरोपीय संघ निश्चित रूप से एक आर्थिक और राजनीतिक सत्ता का केन्द्र है । ये विशेषताएं आर्थिक स्थिरीकरण और विकास की प्रक्रिया में उन्हें स्वाभाविक भागीदार बनाती हैं । इस संदर्भ में श्रीमती महाजन ने कहा कि जहां दोनों देशों की ओर से द्विपक्षीय कार्यकलाप उनके दूरदर्शी नेतृत्व के अंतर्गत सुदृढ़ हो रहे हैं वहीं इस प्रक्रिया को और अधिक व्यावहारिक और परस्पर लाभप्रद बनाए जाने की तत्काल आवश्यकता है। इस संबंध में उन्होंने व्यापार को सुकर बनाने और नियामक तंत्र की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने हेतु भारत में की जा रही अनेक पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये पहलें विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश करने के महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराएंगी।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच रणनीतिक भागीदारी पर बल देते हुए उन्होंने यह कहा कि यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा क्षेत्रीय व्यापारिक भागीदार है और 2014 में भारत यूरोपीय संघ का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था । उन्होंने यह आशा व्यव्त की कि भारत - यूरोपीय संघ के बीच व्यापक आधार वाले व्यापार और निवेश समझौते के संबंध में प्रगति की जा सकती है, और इस बात का उल्लेख किया कि यह दोनों पक्षों के लिए लाभ की स्थिति होनी चाहिए। उन्होंने

यूरोपीय संघ को भारत के विकास संबंधी प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए आमंत्रित किया।

लोक सभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री की 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने की पहल का संयुव्त राष्ट्र में समर्थन करने के लिए यूरोपीय संघ का धन्यवाद किया।

श्रीमती महाजन ने अध्यक्ष श्री शुल्ज़ को भारत आने का आमंत्रण दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया ।